# गलत तरीके से बने घर-दुकान तोड़ेगा निगम

## सर्वे कर नोटिस जारी किए जाएंगे, 5 साल से खाली पड़े प्लॉट पर भी होगा एक्शन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जयपुर के रामगंज इलाके में निर्माणाधीन इमारत गिरने के बाद अब नगर निगम प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। शुक्रवार को निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने निगम के सभी जोन उपायुक्त को अपने अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण का सर्वे करने के लिए कहा है। इसकी डीटेल में रिपोर्ट मांगी है। सुराणा ने कहा- हेरिटेज नगर निगम क्षेत्र में जिसने भी नियमों के विपरीत घर और दुकान निर्माण किया है।

उसे नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद ध्वस्त किया जाएगा। इसके साथ ही जिन लोगों ने नोटिस जारी होने के बावजूद अवैध निर्माण किया है। उनके निर्माण को भी ध्वस्त किया जाएगा। ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति बिना परमिशन नियमों के विपरीत अवैध निर्माण नहीं करें। दरअसल, शुक्रवार को नगर निगम हेरिटेज के आयुक्त अभिषेक सुराणा ने निगम अधिकारियों की रिव्यू बैठक बुलाई थी। इसमें अवैध निर्माण के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण और नगर निगम के कामकाज को लेकर चर्चा हुई। इसमें सुराणा ने शहर में खाली प्लॉट में फैली गंदगी को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा- कचरा डिपो हटाने के बाद अब शहर में कई इलाकों में खाली प्लॉट में गंदगी का अंबार लग रहा है। ऐसे में जिन भी लोगों के पिछले 5 साल या उससे ज्यादा वक्त से प्लॉट खाली हैं।

उन्हें नोटिस जारी कर जल्द निर्माण करने के निर्देश दिए जाएंगे। ऐसा नहीं करने पर संबंधित विभाग को पत्र लिखकर उनके अलॉटमेंट को निरस्त करने की मांग भी की जाएगी।

**नाले की सफाई के निर्देश दिए :** इस दौरान बैठक में सुराणा ने बारिश से पहले शहर में नाला सफाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार बड़े नालों की गहराई में जाकर अत्याधुनिक मशीनों से सफाई करें। बारिश के दौरान सड़कों पर पानी इकट्ठा होने से आम जनता को परेशानी ना हो। इसके साथ ही उन्होंने शहर में 172 जगह से कचरा डिपो हटाने पर नगर निगम कर्मचारियों की हौसला अफजाई की।

उन्होंने कहा कि अब वार्ड की एक गली को साफ और स्वच्छ बनाने वाले नगर निगम के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# पल्लव प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ 103वां चैत्र मेला

### श्रद्धालुओं को तुलसी पौधे का हुआ वितरण, एनआरआई श्रद्धालुओं ने दी भोजन, सफाई, पार्किंग व अन्य कार्यों में सेवा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जयपुर स्थित अमरापुरा स्थान में हाजरी लगाई। शुक्रवार सुबह प्रेम प्रकाश मंडल अध्यक्ष स्वामी भगत प्रकाश महाराज के सान्निध्य में सुबह 4 से 7:00 तक सत्संग, भजन, प्रार्थना पल्लव का कार्यक्रम हुआ। 7:00 बजे 103वें क्षेत्र में लेकर समापन गुरुदेव हाजरा हजूर सद्गुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज की ओर से पल्लव पाकर किया गया। फिर पल्लव प्रार्थना के साथ उत्सव का समापन हुआ। उत्सव के समापन के बाद श्रद्धालुओं को तुलसी के पौधे का वितरण किया गया।

## 'गुड और बैड टच' पर वर्कशॉप का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** स्पर्श संस्था द्वारा महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल में सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को व्यक्तिगत सीमाओं, सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के महत्व और किसी भी असुविधाजनक स्थिति में मदद लेने के तरीके के बारे में शिक्षित करना था। वर्कशॉप अत्यधिक संवादात्मक और आकर्षक थी, जिसमें स्टूडेंट्स ने आयोजकों के साथ सक्रिय रूप से चर्चाओं और गतिविधियों में भाग लिया। कार्यशाला से बच्चों को व्यक्तिगत सीमाओं के महत्व को समझने और किसी भी असहज स्थिति में मदद मांगने में मदद मिली। स्टूडेंट्स की प्रतिक्रिया सकारात्मक थी।

## 'गीता कांटेस्ट जूनियर' का हुआ आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** आज के समय में यह बहुत जरूरी हो गया है की हमारे देश के बच्चे हमारी संस्कृति से जुड़े और जीवन में आगे बढ़े और इसके लिए हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के स्कूल ऑफ गीता ने अनूठा प्रयास किया है। बच्चों को भागवद्गीता की शिक्षाओं का सन्देश देने के लिए हरे कृष्ण मूवमेंट एवं कृष्ण भावनामृत सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में गीता कांटेस्ट जूनियर का आयोजन किया। जिसमें अलग-अलग स्कूलों के हजारों छात्रों ने भाग लिया। गीता कांटेस्ट जूनियर में बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें कक्षा पांच से लेकर कक्षा आठ के बच्चों को भगवान कृष्ण और प्रभूपाद जी की किताबें पढ़ने को दी गई जिन्हें पढ़कर उन्होंने परीक्षा दी। यह किताबें हमें यह सन्देश देती है की कैसे जीवन में संतुलन रखा जाए साथ ही यह हमें अपनी आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ती हैं। हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के मीडिया प्रभारी सिद्ध स्वरूप दास ने बताया की गीता कांटेस्ट जूनियर का पंजीकरण गीता जयंती से शुरू हुआ। इस कांटेस्ट के विजेता बच्चों को पुरस्कार में साईकिल, स्मार्ट वाच, एलसीडी राइटिंग पैड और 100 वीआर कार्डबोर्ड दिए गए।

### अंग प्रत्यारोपण मामला

## एसीबी द्वारा पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर किया गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** अंग प्रत्यारोपण और तस्करी के मामले में जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की ओर से गिरफ्तार सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह,फोर्टिस हॉस्पिटल के कॉ-ऑडिनेटर विनोद व गिरिराज को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इन आरोपियों से पूछताछ कर अंग तस्करी और प्रत्यारोपण को लेकर पूछताछ करेगी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) गांधी नगर गोपाल सिंह ढाका ने बताया कि शुक्रवार को एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह, फोर्टिस हॉस्पिटल के को-ऑडिनेटर विनोद व गिरिराज को जयपुर पुलिस जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। गुरुग्राम से लाए गए अंग डोनर और रिसीवर से पूछताछ में कई अहम जानकारी सामने आई है। फिलहाल इस जानकारी की तस्दीक की जा रही है। आगामी समय में प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किए आरोपियों से पूछताछ के बाद कई डॉक्टरों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

## हथियारों के जखीरे सहित एक बदमाश आया पुलिस गिरफ्त में

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करे हुए एक बदमाश को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक पिस्टल,दो मैगजीन,दस जिंदा कारतूस सहित एक खाली केश बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करे हुए सचिन कुमार जाट निवासी खेतड़ी जिला झुंझुनू को थाना इलाके में स्थित रीको कांटा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल,दो मैगजीन, दस जिंदा कारतूस सहित एक खाली केश जब्त किया है।

### 15 लाख लूट का मामला

## पुलिस ने हिरासत में लेकर 20 लोगों से पूछताछ, नहीं मिला अभी तक क्लू

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में बुधवार को ट्रेडिंग कार्यालय में घुसकर दो बदमाशों द्वारा हथियारों के दम पर 15 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस पिछले दो दिन में 20 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है, लेकिन अभी तक पुलिस को लुटेरों का कोई क्लू नहीं मिला।

एसीपी अशोक नगर बालाराम जाट ने बताया कि लूट के मामले में बड़ी संख्या में लोगों को पकड़ कर पूछताछ की जा चुकी है, लेकिन अभी तक लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में संदिग्ध कई लोगों से लगातार पूछताछ जारी है। मामले में शहरभर के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है। गौरतलब है कि युधिष्ठिर मार्ग पर डीयर पार्क के सामने स्थित केसरी भवन बिल्डिंग में घुसकर बदमाशों ने दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर 15 लाख रुपए लूट लिए। यह कार्यालय इसी बिल्डिंग के मालिक डॉक्टर केसी चौधरी का है, जो कलेक्शन के लिए बनाया गया है।

दरअसल, इस बिल्डिंग में 10 से ज्यादा ऑफिस चलते हैं। दोनों बदमाशों ने केसी चौधरी के ऑफिस में मौजूद दो महिलाओं को पिस्टल दिखाई। डरा धमका कर बदमाशों ने दराज में रखी हुई लॉकर की चाबी निकाली।

लॉकर में रखे हुए 15 लाख रुपए लूट कर भाग गए। बदमाशों के जाने के बाद महिलाओं ने ऑफिस के मालिक को जानकारी दी।

# लूटपाट और अपहरण की वारदात छह इंजीनियरिंग छात्र गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** शहर के रामनगरिया थाना पुलिस ने लूटपाट और अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले छह इंजीनियरिंग छात्रों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शौक-मौज के लिए फिल्मी स्टाइल में वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि लूटपाट और अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी चन्दन सैनी (20) निवासी सुमेर नगर मुहाना, दिपांशु यादव (21) निवासी तिजारा जिला अलवर, ओमवीर पोसवाल (21) निवासी बहरोड कोटपूतली, नितेश राव (23) निवासी बहरोड़ कोटपूतली, अजत मलिक (21) निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश और अमित कुमार (21) निवासी रेवाडी हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपित विभिन्न कॉलेजों से इंजीनियरिंग के छात्र है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित फिल्मी स्टाइल से लूट की वारदात को अंजाम दिया करते थे। दो गाड़ियों में ग्रुप के साथ पहले सुनसान इलाकों में घूमते थे और शिकार मिलने पर उसकी गाड़ी के आगे कार लगाकर रोक लेते थे। उसकी वजह से खुद की गाड़ी का एक्सीडेंट होने का बहाना बनाकर झगड़ा करते। इसके बाद अपहरण कर कार में डालकर मारपीट कर उसके पास मिले रुपयों को छिन लेते। ऑनलाइन बैंक अकाउंट से भी रुपए ट्रांसफर कर लूट की वारदात कर रास्ते में उतारकर फरार हो जाते।

## 'युद्ध में केवल इंसानियत की ही होती है हार'

### रवीन्द्र मंच पर प्रस्तुत किया प्रहरी नाटक, अर्शिया परवीन ने किया निर्देशन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** रवीन्द्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महोत्सव के तहत कला एवं संस्कृति विभाग और रवीन्द्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना के तहत मार्मिक और सामाजिक नाटक प्रहरी का सशक्त मंचन शुक्रवार को किया गया द्य नाटक के लेखक हेमचंद्र ताम्हणकर है और इसका निर्देशन जयपुर की युवा रंगकर्मी अर्शिया परवीन ने किया।

नाटक प्रहरी में दिखाया गया कि युद्ध मे मनुष्य जीतने का भ्रम पालता है, लेकिन सदैव मानवता हारती है...युद्ध क्या युद्ध ही सभी समस्याओं का समाधान है? अगर नहीं तो क्यों होते हैं युद्ध...क्यूं दो देश अपने आर्थिक विकास के स्थान पर एक दूसरे से शत्रुता रखते हैं...दोनों देशों की सरहदों पर तैनात सैनिकों का आपसी द्वंद्व को प्रहरी नाटक में दिखाया गया। युद्ध ना? होने की स्थिति में तैनात सैनिकों की क्या मानसिक स्थिति होती है, इसे यहां समझाया गया। नाटक प्रहरी का भावनात्मक और सशक्त रूप से मंचन किया गया है।

नाटक में प्रिंस अली सिद्दीकी, हेमचंद्र ताम्हणकर, श्वेता शर्मा क्रिस्टी, शुभम, आयुष, राहुल नेहरा, घनश्याम व कृष शर्मा ने जीवंत अभिनय किया।

रवीन्द्र मंच की मैनेजर सोविला माथुर ने बताया कि इस नाटक के जरिए सैनिकों के सैन्य भाव को दर्शाया गया और साथ ही बॉर्डर पर उत्पन्न होनेवाली स्थितियों को दर्शाया गया।

## भव्य खाटूश्याम भक्ति संध्या आज, कार रैली निकलेगी

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** द दीवाज क्लब जयपुर की ओर से आज, 27 अप्रैल को वार्षिक भक्तिमय कार्यक्रम एक शाम बाबा खाटूश्याम के नाम का आयोजन किया जा रहा है।

हाथोज धाम के पीठाधीश्वर एवं हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य के सान्निध्य में मानसरोवर स्थित आनंद महल में होने जा रही इस भक्ति संध्या में कोलकाता के प्रख्यात भजन प्रवाहक राज पारीक और अन्य गायक कलाकार खाटूवाले श्याम बाबा की स्तुति में अनुपम रचनाएं प्रस्तुत कर अध्यात्म की स्वर लहरियां बिखेरेंगे। इस भक्ति समारोह के क्रम में मानसरोवर स्थित होटल प्राइम सफारी से भव्य शोभायात्रा और कार रैली निकाली गई, जो विभिन्न स्थानों से होते हुए आनंद महल पहुंचकर संपन्न हुई। श्रीराधा-कृष्ण की झांकी से सुशोभित इस शोभायात्रा को बालमुकुंद आचार्य महाराज ने रवानगी दी। इस मौके पर द दीवाज क्लब की फाउंडर कीर्ति निखिल जोशी, प्रेसिडेंट सोनिया मल्होत्रा, होटल सफारी ग्रुप के डायरेक्टर पवन गोयल, राघव गोयल, एसजीएम आउटडोर के डायरेक्टर जे.डी. माहेश्वरी, बेटी फाउंडेशन के फाउंडर राहुल शर्मा व राज शर्मा, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सेलिब्रिटी एंकर अंकित खंडेलवाल सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे। क्लब की फाउंडर कीर्ति निखिल जोशी ने बताया- सनातन संस्कृति के प्रति युवाओं में रुझान बढ़ रहा है। इसी कड़ी में 'एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम' हमारा यह द्वितीय आयोजन है, जिसमें 80 फीट आकार में खाटूश्यामजी का अलौकिक दरबार सजाया जाएगा।

# सरकार को सफाई कर्मचारी भर्ती प्रकिया जारी रखने की छूट

### हाईकोर्ट ने छूट देते हुए भर्ती को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान में हो रही सफाई कर्मचारियों की भर्ती पर हाईकोर्ट ने रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने सरकार को भर्ती प्रक्रिया जारी रखने की छूट दी है। साथ ही कोर्ट ने भर्ती को याचिकाओं में होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन रखने का निर्देश भी दिया है।

दरअसल, याचिकाओं में सफाई कर्मचारियों की भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्र की पात्रता शर्त में भर्ती प्रक्रिया के बीच में किए बदलाव को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि भर्ती में प्रार्थियों के हित भी प्रभावित नहीं होने चाहिए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 28 मई को तय की है। जस्टिस समीर जैन ने यह निर्देश उदय सिंह यादव, राजेन्द्र प्रसाद मीना सहित अन्य की करीब 30 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया।

**करीब 24,797 पदों पर हो रही है भर्ती :** दरअसल, याचिकाओं में 15 मार्च 2024 के अनुभव प्रमाण पत्र की पात्रता शर्तों को चुनौती देते हुए कहा गया था कि राज्य सरकार की स्थानीय निकायों में एक मार्च 2024 को निकाली सफाई कर्मचारियों की भर्ती में लाखों अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। लेकिन भर्ती प्रक्रिया के बीच में ही एजेंसी ने 15 मार्च के शुद्दि पत्र से अनुभव प्रमाण पत्र की पात्रता शर्तों में बदलाव कर दिया। बदलवा के तहत भर्ती में वही एक साल का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र वैध माना जाएगा जो सार्वजनिक मार्ग या सार्वजनिक सीवरेज संबंधी कार्य के लिए नगरीय निकाय के सक्षम अधिकारी या सफाई संवेदक ने जारी किया हो। जबकि इससे पहले 9 जून 2023 के आदेश में अनुभव प्रमाण पत्र में केन्द्र या राज्य सरकार की अर्द्ध सरकारी संस्था, प्लेसमेंट एजेंसी व संवेदक के एक साल के कार्य अनुभव प्रमाण पत्र को वैध माना था। इसलिए 9 जून 2023 के अनुभव प्रमाण पत्र की पात्रता शर्तों के अनुसार ही सफाई कर्मचारियों की भर्ती करें।

जिला- जयपुर-ग्रामीण ( राज. )
दिनांक- 26.4.2024
सार्वजनिक सूचना
1018/3, 1016/3, 3/853, 3/983, 3/851, 1017/3
तहसीलदार
जयपुर

विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
Bank of India
M/s Aayush Decor

विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
Bank of India
M/s Akansha Traders

विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
Bank of India
M/s Chitranshi Enterprises

विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
Bank of India
M/s Polymade Doors